बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
**पशुपालन निदेशालय**
विकास भवन, नया सचिवालय, पटना-15

हमारा बिहार

बिहार सरकार

पत्रांक– 7 स्था0 (7) विविध–53/2022.................. दिनांक– ............................/2026

प्रेषक,

डॉ0 अरविन्द कुमार,
संयुक्त निदेशक (मु0)।

सेवा में,

निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना,
चारा विकास पदाधिकारी, पटना,
सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, पटना,
गौशाला विकास पदाधिकारी, बिहार, पटना
सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन बिहार,
विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सीमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना,
सभी विशेष उप निदेशक (प0 वि0), वृहत पशु विकास परियोजना,
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार,
सभी सहायक निदेशक (कुक्कुट) क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, बिहार,
सभी परियोजन पदाधिकारी, फ्रोजन सीमेन बैंक, मुजफ्फरपुर/बाँका/पूर्णियाँ,
मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डूमरॉव, बक्सर,
प्रबंधक, हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, डुमराँव, बक्सर,
सभी उप निदेशक (प0 वि0), मध्यम पशु विकास परियोजना,
सभी सहायक निदेशक (प0 वि0), लघु पशु विकास परियोजना,
सभी अवर प्रमण्डल पशुपालन पदाधिकारी, बिहार,
सभी पशु शल्य चिकित्सक, बिहार।

**विषयः–** **बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेतन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन निमित्त Work Flow उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभगीय पत्रांक–1020 दिनांक–24.02.2026**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रसांगिक पत्र (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से विभाग द्वारा संसूचित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन किया जाना है। आलेखन के क्रम में सर्वप्रथम बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों के प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों से संबंधित सूचनाओं का Mapping

किया जाना है। यह Mapping दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि में पदाधिकारियों के कार्यरत रहने की स्थिति/संभावित स्थिति के आधार पर की जानी है।

उक्त के आलोक में सभी को निदेशित किया जाता है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों के वित्तीय वर्ष का ई–पार आलेखन के लिए प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों के Mapping हेतु वांछित सूचना अवर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराते हुए इसकी सूचना पशुपालन निदेशालय के ई–मेल dirahd-bih@nic.in/ dirahdbih@gmail.com पर 10 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–

संयुक्त निदेशक (मु0)।

ज्ञापांक :– 7 स्था0 (7) विविध–53/2022 926 (नि०) पटना– 15, दिनांक– 28/02/2026

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय पत्रांक–1020, दिनांक 24.02.2026 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28.2.26

संयुक्त निदेशक (मु0)।

दूरभाष संख्या: 0612-2215962 ई-मेल: dirahd-bih@nic.in वेबसाइट: state.bihar.gov.in/ah

पत्र संख्या–2/स्था0 (पेन0 विविध) (2) 03/ 2026 ........................../

बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

धर्मवीर प्रसाद,
सरकार के अवर सचिव ।

सेवा में,

निदेशक,
पशुपालन/मत्स्य/गव्य, बिहार, पटना ।
सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार ।
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार ।
सभी उप मत्स्य निदेशक, बिहार ।
उप मत्स्य निदेशक (मु0), मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना ।
संयुक्त मत्स्य निदेशक (मु0), मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना ।
सभी क्षेत्रीय निदेशक (गव्य), बिहार ।
संयुक्त निदेशक (गव्य), गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना ।

पटना– 15, दिनांक–

विषयः– **बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन निमित Work Flow उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– **विभागीय पत्रांक 297, दि0 19.01.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में स्मारित करते हुए कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन किया जाना है। आलेखन के क्रम में सर्वप्रथम बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों के प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों से संबंधित सूचनाओं का Mapping किया जाना है। यह Mapping दिनांक– 01.04.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि में पदाधिकारियों के कार्यरत रहने की स्थिति/संभावित स्थिति के आधार पर की जानी है।

उक्त के आलोक में Work Flow भेजने से पूर्व निम्नांकित बिन्दुओं का अनुपालन किया जाय :–

1. सभी निदेशालय जिलावार Work Flow एक साथ भेजना सुनिश्चित करेगें।
2. प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण के रूप में वही पदाधिकारी रहेगें जो 01.04.2025 से 31.03.2026 तक प्रभार में रहे हों।
3. समीक्षी/स्वीकरण के रूप में यदि एक से ज्यादा पदाधिकारी हों तो, जो पदाधिकारी अधिकतम समय रहे हों उन्ही का विवरणी अंकित करना है।

388

4. प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी संबंधित सेवा के पदाधिकारी हों तो अनिवार्य रूप से उनका Sparrow ID (BVFD.....) अंकित करना है, जिससे Work Flow सही से किया जा सके।

अतएव पुनः अनुरोध है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों के वित्तीय वर्ष 2025–26 का ई–पार आलेखन के लिये प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों के Mapping हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, साथ ही अपने अधीनस्थ कार्यालयों में भी उक्त से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–2/स्था0 (पेन0 विविध) (2) 03/ 2026 ...1020.../ पटना–15, दिनांक– 24/02/26

**प्रतिलिपिः–** निदेशक, पशुपालन/मत्स्य/गव्य विकास, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशानुसार अनुरोध है कि अपने–अपने निदेशालयों के Sparrow से संबंधित प्रभारी पदाधिकारियों को विशेष सचिव के कक्ष में आज संध्या 5:00 बजे अपराह्न में विषयांकित मामले से संबंधित प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

24/2/26

सरकार के अवर सचिव।

I.T